# 10. विशेषण

संज्ञा-सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जिनकी विशेषता बताई जाती है वे विशेष्य होते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विशेषण की पुनरावृत्ति करवाते हुए उनसे विशेषण के बारे में जानें।
- कुछ वाक्य बोलें तथा बच्चों से उनमें से विशेषण चुनवाएँ।
- पाठ पृष्ठ 83 पर दिए वाक्यों को पढ़ें तथा बच्चों को विशेषण स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- विशेष्य से परिचित करवाएँ तथा विशेषण-विशेष्य शब्द पढ़वाएँ।
- विशेषण के भेदों को बताएँ।
- पाठ पृष्ठ 84-87 पर दिए उदाहरणों की सहायता से समझाएँ।
- बच्चों को आसपास की प्रतिदिन काम आने वाली वस्तुओं के माध्यम से विशेषण समझाने का प्रयास करें।
- सुनिश्चित करें, बच्चे विषय समझ पा रहे हैं। बीच-बीच में प्रश्न पूछते रहें।
- अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।